सार-समाचार

सायबर फ्रॉड से बचाव की जानकारी दी

कोटा, (निसं)। महिलाओं शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं आत्मरक्षा के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत राजस्थान मरु उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को वित्तीय प्रबंधन, अल्प बचत, घरेलू उद्यम प्रोत्साहन मुद्दों पर एक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला लीड बैंक मैनेजर ने मुद्रा ऋण, जीवन ज्योति बीमा योजना, अल्प बचत आदि के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम के अन्तर्गत सीएफएल से प्रहलाद कुमार ने साईबर फ्रॉड, ओटीपी, पिन शेयर ना करना आदि के बारे में जानकारी दी। आई.टी.आई प्रोफेसर महेन्द्र मेघवाल ने कॅरियर के बारे में जानकारी प्रदान की। साथ ही, सुपरवाईजर अंजलि मीणा ने राजस्थान मरु उड़ान के तहत की जा रही गतिविधियों से सभी श्रोताओं को अवगत करवाया। स्काउट समन्वयक यज्ञदत्त हाड़ा ने प्रतिभागियों को रोजगार मेला एवं शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग मनोज कुमार मीणा ने बताया कि 22 जनवरी को महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय अरण्डखेड़ा में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत 10 वर्षीय वर्षगांठ के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा जिसमें खेल में उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया जाएगा।

ट्रक-बाइक की टक्कर में एक की मौत

रामगंजमंडी (निसं)। मोडक चेचट मार्ग पर बाइक और ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक भी बुरी तरह क्षितग्रस्त हो गई और बाइक सवार उछलकर पास झाड़ियां में जा गिरा। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी जहां से उसे चेचट अस्पताल ले जाया गया।अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक बहादुर पुरी वैष्णव (35) मध्य प्रदेश लंगर खेडी का निवासी बताया गया है।जो ढाबादेह रहकर कोटा स्टोन की गाडियां भरने का कार्य करता था उसके दो बच्चे बताए गए हैं।पुलिस ने शव को मोडक अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है और परिजनों को सूचना दी। वहीं ट्रक को जप्त कर लिया गया है।आपको बता दें की मोडक चेचट मार्ग पर इन दिनों भारी वाहनों के आवागमन की तादाद काफी बड़ी हुई है।भारी वाहन 8 लाइन से उतरकर ढाबादेह फोरलेन पर जाते हैं और ढाबादेह से 8 लाइन पर चढने के लिए चेचट जाते हैं। इस वजह से इस मार्ग पर काफी संख्या में वाहन निकल रहे हैं जो तेज गति से भी चलते हैं। उधर मोडक गांव में भी रोज इन वाहनों के आवागमन से ट्रैफिक जाम होना आम बात हो गई है।

लैंस प्रत्यारोपण शिविर दो को

कोटा, (निसं)। महाराजा श्रीअग्रसेन सोश्यल ग्रुप की ओर से अथर्वा आदित्य सेवा संस्थान एवं गीता सत्संग आश्रम समिति के सहयोग से 2 फरवरी को गीता भवन में नि:शुल्क नैत्र परीक्षण लैंस प्रत्यारोपण मोतियाबिन्द शिविर का आयोजन किया जाएगा। महाराजा श्रीअग्रसेन सोश्यल ग्रुप के चेयरमैन संजय गोयल ने बताया कि शिविर के पोस्टर का मंगलवार को विमोचन किया गया। इस दौरान गीताभवन के महामंत्री रामेश्वर प्रसाद विजय, अग्रसेन सोश्यल ग्रुप के सम्भागीय अध्यक्ष परमानंद गर्ग, महामंत्री सपना गोयल, संस्थापक अध्यक्ष आदित्य शास्त्री, मंत्री जयकुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष खुशबू शर्मा, आरती शर्मा, गीतिका शर्मा, लीला दाधीच, गणेश दत्त दाधीच आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। गीताभवन के महामंत्री रामेश्वर प्रसाद विजय ने बताया कि महाराजा श्रीअग्रसेन सोश्यल ग्रुप द्वारा जनवरी माह मे हुए दो सफल कैम्प गीताभवन के सहयोग से आयोजित किए गए। जिसमें करीबन 75 सफल लैस प्रत्यारोपण के साथ साथ 245 मरीजों को निशुल्क जांच एवं दवाई वितरण की गई।

कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन

कोटा, (निसं)। राजकीय कला महाविद्यालय कोटा में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की स्थानीय इकाई के द्वारा कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा विभाग संघ चालक व पूर्व शिक्षा निदेशक पन्नालाल रहे। मुख्य वक्ता के तौर पर प्रोफेसर मोहनलाल साहू (क्षेत्रीय अध्यक्ष इतिहास संकलन समिति कोटा)तथा विशिष्ट अतिथि सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा कोटा परिक्षेत्र गीता राम शर्मा रहे। अध्यक्षता प्रोफेसर दीपा चतुर्वेदी ने की। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के परिवर्तनशील समय में छात्रों में जो देश की भावी पीढ़ी भी है शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और संस्कृति का ज्ञान भी नितांत आवश्यक हैं। मुख्य वक्ता प्रोफेसर मोहनलाल साहू ने प्राचीन भारतीय परंपराओ का हवाला देते हुए कहा कि हमें अतीत से सीखते हुए भविष्य का निर्माण करना चाहिऐं। अतीत की नींव पर ही भविष्य रूपी सुंदर भवन का निर्माण किया जा सकता है।

उमंग बाल पथ संचलन 23 को

छबड़ा (निसं)। सुभाष जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को आदर्श विद्या मंदिर एवं बालिका विद्यालय का संयुक्त ''उमंग'' बालपथ संचलन नगर के विभिन्न मार्गो से निकलेगा। शारीरिक प्रमुख ऋषभ चंद्र नागर ने बताया कि संचलन शिवाजी महाराज महाराणा प्रताप, रानी लक्ष्मीबाई, विवेकानंद, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस की सजीव झांकियां एवं घोष की मधुर स्वर लहरियों के साथ बालिका विद्यालय के प्रांगण से प्रारंभ होकर धरनावदा चौराहा, आजाद सर्किल, मामा होटल की गली, अहिंसा सर्किल विद्युत विभाग कार्यालय, सब्जी मंडी इंदिरा कॉलोनी, हिलव्यू कॉलोनी होता हुआ विद्यालय में पहुंच संपन्न होगा। प्रधानाचार्य अमृतलाल मीणा ने बताया कि संचलन में 30 वाहिनी एवं तीन घोष के साथ भैया बहिन कदम से कदम मिलाकर मातृभूमि का गुणगान करते हुए चलेंगे। संचलन में 1000 भैया बहिन भाग लेंगे। वही सामाजिक संगठनो द्वारा पुष्प वर्षा एवं स्वागत द्वार लगाकर अभिनंदन किया जाएगा।

आत्महत्या करने वाले युवक की शिनाख्त नहीं हुई

कोटा, (निसं)। बोरखेड़ा थाना इलाके मे चार दिन पूर्व फांसी का फन्दा लगाकर आत्महत्या करने वाले युवक की चार दिन बाद भी शिनाख्त नही होने पर पुलिस ने मंगलवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया और शहर की समाजिक संस्था के सहयोग से मृतक का अंतिम संस्कार कराया। बोरखेड़ा थाने के एएसआई सुरेश कुमार ने बताया कि 17 जनवरी को इलाके के देवली अरब रोड़ स्थित एक शराब की दुकान के सामने लगे लोहे के टीन शेड के एंगल पर किसी युवक के लटके होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे तो युवक लोहे की एंगल पर फांसी का फन्दा लगाकर लटका हुआ था। जिसकी मौके पर शिनाख्त नही होने पर मृतक के शव को एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में रखवा दिया गया था। लेकिन परिजनों के बारे में पता नहीं चलने पर चार दिन बाद पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार करवाया गया।

अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। गुमानपुरा पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध हथियार चाकू सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर ने बताया कि गश्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कोई व्यक्ति वारदात करने की फिराक में अवैध चाकू लेकर घुम रहा है, प्राप्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए बोम्बे योजना डीसीएम रोड निवासी मोहम्मद रफीक (40) के पास से अवैध हथियार चाकू बरामद किया। पुलिस ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए मोहम्मद रफीक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

अवैध देशी शराब सहित दो गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। जवाहर नगर पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध देशी शराब के 117 पव्वों सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जवाहर नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण गुर्जर ने बताया कि आदतन अपराधियों पर निगरानी रखते हुए असूचनाएं एकत्रित कर कार्यवाही करते हुए दुर्गाबस्ती निवासी नन्दकिशोर (45) को बिना अनुज्ञापत्र के अवैध देशी शराब के 61 पव्वों सहित एवं बंगाली कॉलोनी छावनी निवासी विक्की उर्फ अभिषेक को 56 पव्वों सहित गिरफ्तार किया। पकड़े गये दोनों आरोपियों से 117 पव्वे बरामद किये।

बुकलेट का विमोचन किया

छबड़ा (निसं)। सीएमएस एकेडमी संस्थान द्वारा कक्षा-10 की विज्ञान व गणित विषय की बुकलेट का विमोचन किया गया। यहां अतिथि के रूप में चंद्रप्रकाश गुप्ता, राजेंद्र वैष्णव, दिनेश गौड़, अशोक भार्गव, नरेंद्र सोनी टीआरए, राममनोहर सोनी, बालकृष्ण सोनी, मुकेश सोनी, राजेन्द्र सोनी व संस्था टीम में निदेशक सहित सचिन मेहता व प्रवीण प्रजापत उपस्थित रहे।

तीन लाख के अवैध मादक पदार्थ एम.डी. सहित दो तस्कर गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। किशोरपुरा पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ 40 ग्राम एम.डी. सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान में पुलिस उपअधीक्षक योगेश शर्मा के सुपरविजन में किशोरपुरा थानाधिकारी भूरी सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

शहर एसपी ने बताया कि किशोरपुरा थानाधिकारी मय जाप्ता दशहरा मैदान आशापाला मंदिर के समीप वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। चैकिंग के दौरान एक कार से अवैध मादक पदार्थ 40 ग्राम एम.डी. बरामद की। पकडे गए मादक पदार्थ का अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 3 लाख रूपये है।

शहर एसपी ने बताया कि कार से अवैध मादक पदार्थ बरामद होने पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए बंगाली कॉलोनी छावनी निवासी अब्दुल अजीज उर्फ पंजी (45) और विज्ञान नगर निवासी इलियास (52) को गिरफ्तार किया है। शहर एसपी ने बताया कि दोनों आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में अनुसंधान किया जा रहा है।

पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ सहित दो तस्करों को गिरफ्त में लिया।

अवैध हथियारों सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। शहर के अलग-अलग थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए अवैध हथियारों सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। भीमगंजमण्डी पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध हथियार चाकू सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

भीमगंजमण्डी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि थाने के सहायक उपनिरीक्षक हरदेव सिंह जाप्ते सहित इलाके में गश्त कर रहे थे। मुखबीर से सूचना मिली की वारदात करने की फिराक में कोई अवैध हथियार लेकर मालाफाटक के समीप घूम रहा है।

सूचना पर मौके पर पहुंचे और मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिये के आधार पर मौजूद व्यक्ति को डिटेन कर तलाशी ली तो उसके पास से अवैध हथियार चाकू बरामद हुआ पुलिस ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए महात्मा गांधी कॉलोनी निवासी जावेद खान (25) को गिरफ्तार किया। वहीं नांता पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध छुरा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया।

नांता थाने के थानाधिकारी नवल किशोर शर्मा ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली की जाखमुण्ड की और जाने वाले रोड पर एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर खडा हुआ है। सूचना पर हेड कॉन्स्टेबल चैन सिंह को मय जाप्ता मौके पर भेजा और संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली तो उसके पास से अवैध हथियार छुरा बरामद हुआ पुलिस ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए बरड़ा बस्ती निवासी रमेश मीणा (30) को गिरफ्तार किया है। वहीं विज्ञान नगर पुलिस कार्यवाही करते हुए अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

विज्ञान नगर थानाधिकारी मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि इलाके में गश्त के दौरान एक व्यक्ति पर संदेह होने पर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध हथियार चाकू बरामद हुआ पुलिस ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए छत्रपुरा तालाब निवासी अबरार अहमद उर्फ कालिया (32) को गिरफ्तार किया है।

साईबर ठग से 760570 रूपये की राशि को खाते में रिफंड कराया

कोटा, (निसं)। साईबर थाना पुलिस टीम ने साईबर पोर्टल पर दर्ज शिकायत पर कार्यवाही करते हुए। बोरखेडा इलाके में साईबर ठगी के मामले में साईबर ठगों द्वारा 9 लाख 20 हजार की राशि में से 760570 रूपये की राशि को संबंधित बैंक अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर पीड़ित के खातें में रिफंड करवाया। साईबर थाने के हेड कॉन्स्टेबल अशोक चौधरी ने बताया कि बोरखेडा इलाके के देवली अरब रोड निवासी जगवीर सिंह ने साईबर पोर्टल पर शिकायत दी थी कि ट्रेडिंग में इन्वेस्ट करके ज्यादा मुनाफा कमाने का लालच देकर अज्ञात साईबर ठगों द्वारा उससे 9 लाख 20 हजार रूपये की ठगी की है। साईबर थाने ने मामले में कार्यवाही करते हुए बैंक के नोडल अधिकारी के जरिये ठगों के द्वारा ठगे गये रूपयों में से 760570 रूपये होल्ड करवाकर कोर्ट के माध्यम से पुन: फरियादी के खाते में रिफंड करवाया।

सीएमएचओ डॉ.नागर ने यूपीएचसी कालातलाब का निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र नागर ने मंगलवार को यूपीएचसी कालातलाब का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ हेमराज वर्मा सहित पूरा स्टॉफ मौजूद और साफ-सफाई ठीक मिली। क्षेत्र की आशा सहयोगिनियों से आयुष्मान कार्ड वितरण, 70 प्लस आयु वालों की ई-केवाईसी एवं आभा आईडी बनाने के कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने अस्पताल के वार्ड, ड्रग स्टोर, टीकाकरण कक्ष चौक किये। ड्रग स्टोर में नजदीक अवधिपार दवाईयों की वैधता चौक की। टीकाकरण के संबध में स्टाफ से जानकारी ली व कोल्ड चैन पॉइन्ट का मुआयना किया। अस्पताल में प्रसव शुरू करने एवं बायोमेडिकल वेस्ट के उचित निस्तारण के संबध में आवश्यक निर्देश दिए।

कोटा सीएमएचओ डॉ नागर ने अस्पताल का निरीक्षण किया।

जनजागरण रैली निकाली

रामगंजमंडी (निसं)। भारतीय खान ब्यूरो, भारत सरकार,के तत्वाधान में आयोजित 100 दिवसीय टी बी मुक्त भारत अभियान के तहत मंगलम सीमेंट लिमिटेड मोडक के द्वारा जनजागृति अभियान सात दिसंबर से चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मंगलवार को जन जागरण रैली निकाली।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम मिथलेश गोयल से बदलकर नया नाम मिथलेश जिंदल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-मिथलेश जिंदल पत्नी संजय गोयल सी-503 ट्राईपोलिस बधेरवाल राजीव गांधी नगर कोटा

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम संजय कुमार गोयल से बदलकर नया नाम संजय गोयल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-संजय गोयल पुत्र बाबूलाल गोयल सी-503 ट्राईपोलिस बधेरवाल राजीव गांधी नगर कोटा

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम सतीश कुमार शर्मा से बदलकर नया नाम सतीश शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-सतीश शर्मा पुत्र जय प्रकाश शर्मा मकान नम्बर ई-12 जवाहर नगर कोटा

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री मनीष हीरावत द्वारा उनके स्वामित्व के आवास संख्या 23, वर्धमान एनक्लेव, गुलाबाड़ी, ग्राम रामपुरा, तहसील लाडपुरा कोटा क्षेत्रफल 929.43 वर्गफुट है, को डी.सी.बी. बैंक लिमिटेड शाखा कोटा में रहन रख ऋण प्राप्त किया जा रहा है। उक्त सम्पत्ति श्री मनीष हीरावत को अपनी माता श्रीमती मंजू देवी हीरावत द्वारा उनकी वसीयत से उनकी मृत्यु के पश्चात प्राप्त हुई है। उक्त वसीयतनामे का पंजीयन कार्यालय उप पंजीयक कोटा में दिनांक 25.03.2021 को पुस्तक संख्या 3, जिल्द संख्या 77, पृष्ठ संख्या 176 तथा क्रम संख्या 202103123300144 पर हो रहा है।

यह कि उक्त सम्पत्ति को रहन कर ऋण देने के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता को 5 दिवस के भीतर सूचित कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय
कमल गुप्ता एडवोकेट
एम.पी.ए. 53 महावीर नगर द्वितीय कोटा
मो. 9414288889

नेता प्रतिपक्ष ने कम्बल बांटे

कोटा में नि:शुल्क कम्बल वितरण का कार्य जारी है।

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा दक्षिण के नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी ने अवगत कराया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा से कड़कड़ाती ठंड से बचाव के लिए नगर निगम कोटा दक्षिण क्षेत्र में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टीचर्स कॉलोनी सेक्टर नं0 2 व 3 के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टीचर्स कॉलोनी, कोटा परिसर में 250 नि:शुल्क कम्बल वितरण किये गये। इस अवसर पर भाजपा पार्षद गोपाल राम मण्डा, भानू प्रताप सिंह गौड़, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टीचर्स कॉलोनी के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं कई समाजसेवी उपस्थित रहे।

एलन की अयाना सिंह की विविएम में प्रथम रैंक

कोटा, (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राईवेट लिमिटेड के प्री-नर्चर एंड करियर फाउंडेशन (पीएनसीएफ) डिवीजन के विद्यार्थी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड्स के साथ अन्य परीक्षाओं में भी श्रेष्ठता साबित कर रहे हैं।

संस्थान की छात्रा कक्षा आठ में अध्ययनरत अयाना सिंह ने हाल ही में विद्यार्थी विज्ञान मंथन (विविएम) के राज्य स्तर शिविर में प्रथम रैंक हासिल की है। अयाना ने इस शिविर में अपनी शैक्षणिक योग्यता, तार्किकता, और गहन विषय-ज्ञान का उत्कृष्ट प्रमाण दिया, जिसके लिए उसे पांच हजार रुपए का नकद पुरस्कार, स्मृति चिन्ह एवं मेरिट प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। एलन के वाईस प्रेसिडेंट एवं पीएनसीएफ हेड अमित गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन, विजनना भारती (विभा), एनसीईआरटी एवं एनसीएसएम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता हैं। इसके प्रथम चरण में अयाना ने विद्यालय स्तर पर आयोजित परीक्षा में राज्य के शीर्ष 20 विद्यार्थियों में स्थान हासिल किया और राज्य स्तर शिविर (एसएलसी) में भाग लिया। राज्यस्तरीय शिविर में परीक्षार्थियों की योग्यता को एप्लीकेशन आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न, हैंड्स-ऑन एक्टिविटी, अवलोकन एवं विश्लेषण जैसे विभिन्न चरणों में परखा गया। जिसमें अयाना ने राज्य स्तर पर रैंक 1 हासिल की। अब अयाना राष्ट्रीय शिविर (एनसी) में भाग लेगी जिसमें देश के हर राज्य से 12 विद्यार्थी ही चयनित किये जाते हैं। यह कैंप प्रतिभागियों की वैज्ञानिक समझ, इनोवेशन एवं क्रिएटिविटी, आउट ऑफ बॉक्स थिंकिंग के साथ नेतृत्व कौशल की परख करेगा।

- **अयाना ने इस शिविर में अपनी शैक्षणिक योग्यता, तार्किकता, और गहन विषय-ज्ञान का उत्कृष्ट प्रमाण दिया**

'शहीद हेमू कालानी के आजादी के संकल्प को प्रलोभन और प्रताड़नाएं भी नहीं डिगा सकीं'

कोटा, (निसं)। अमर शहीद हेमू कालानी के शहादत दिवस पर मंगलवार को श्रीकृष्ण मुरारी गौशाला समिति की ओर से हेमू कालानी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

समिति अध्यक्ष सतीश गोपालानी ने कहा कि भारत को अंग्रेजी सरकार से आजाद कराने के लिए जिन वीर सपूतों ने अपना जीवन हार दिया, प्राणों को वार दिया, ऐसे अमर शहीदों की श्रृंखला में काल को चुनौती देने वाले शहीद हेमू कालानी का नाम श्रद्धा और सम्मान के साथ लिया जाता है। उन्होंने 7 वर्ष की उम्र में तिरंगा लेकर अंग्रेजों की बस्ती में अपने दोस्तों के साथ क्रांतिकारी गतिविधियों की अगुवाई करने वाले महान देशभक्त क्रांतिवीर कालानी को अंग्रेजी सरकार की ओर से दिए गए प्रलोभन और प्रताड़नाएं भारत की आजादी के सपने के संकल्प से विचलित नहीं कर सकीं। उनके जीवन का एक ही सपना था कि वे अमर शहीद भगत सिंह की तरह देश की खातिर फांसी के फंदे पर झूल जाएं।

इसलिए वे अपने गले में फांसी का फंदा भी डालते तथा शहीदों को याद करते थे। वे कहते थे कि ऐसा करने पर उनके अंदर देश के लिए मर मिटने का जज्बा पैदा होता है। फांसी का समाचार सुनने के बाद उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मां मेरा सपना पूरा हुआ, अब जननी भारत को आजाद होने से कोई नहीं रोक सकता। सचिव श्याम स्वरूप रोहिड़ा ने कहा कि 23 जनवरी 1923 को भारत के सिंध प्रांत के सुक्कर जिले के सवचार में केसूमल कालानी एवं जेठी बाई के यहां हेमू कालोनी का जन्म हुआ।

वे न केवल अच्छे छात्र थे बल्कि बहुत अच्छे तैराक, साईकिल चालक व उत्कृष्ठ धावक भी थे। मुरलीधर अलरेजा ने कहा कि 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्होंने सक्रिय क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल होकर संपूर्ण सिंध प्रांत में 'करो या मरो', 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' के नारों से तहलका मचा दिया था। 1942 में यह जानकारी प्राप्त हुई कि अंग्रेजी सेना की हथियारों से भरी रेलगाड़ी रोहड़ी शहर से गुजरेगी तो उन्होंने रेल की पटरियों की फिश प्लेट निकालने की योजना बनाई और नट-बोल्ट खोलते समय अंग्रेज सिपाही की नजर पड़ गई। उन्हें पकड़ लिया गया, अन्य साथियों को उन्होंने वहां से भगा दिया।

अंग्रेजों ने उन्हें 19 वर्ष की आयु में ही 21 जनवरी 1943 में सरवर जल में फांसी पर चढ़ा दिया। इस दौरान संरक्षक अर्जुन जयसिंघानी, सांस्कृतिक मंत्री शंकर रोहिड़ा, नंद राजानी, धनराज आडवानी, संतोष करमचंदानी, राजेश बहरानी, दामोदर वनवानी, श्रीचंद पंजवानी व देव पंजवानी सहित अन्य पदादिकारी है।


कोटा में सिंधी समाज के लोगों ने शहीद हेमू कालानी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/16070 दिनांक: 21.1.25

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रभजोत सिंह पुत्र श्री मनजीत सिंह आनन्द निवासी-728 प्रताप नगर दादाबाड़ी कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण भूखंड संख्या-125 गुमानपुरा कोटा (राज.) नगर निगम कोटा नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। भूखंड संख्या-125 गुमानपुरा कोटा क्षेत्रफल-1584 वर्गफुट का कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण के कार्यालय आदेश क्रमांक :- LSG/KOTA SOUTH/MUT/2022-23/26356 दिनांक 06.07.2022 से श्री मनजीत सिंह आनन्द पुत्र श्री प्रीतपाल सिंह आनन्द एवं श्री प्रभजोत सिंह पुत्र श्री मनजीत सिंह आनन्द के पक्ष में नाम हस्तांतरण किया गया है। श्री मनजीत सिंह आनन्द पुत्र श्री प्रीतपाल सिंह आनन्द ने एक वसीयतनामा दिनांक 01.12.2023 को जारी कर जिसमें उक्त भूखंड की वसीयत श्री प्रभजोत सिंह पुत्र श्री मनजीत सिंह आनन्द के पक्ष में की गई है। जिसको दिनांक 02.04.2024 को पंजीकृत कराया गया है। श्री मनजीत सिंह आनन्द पुत्र श्री प्रीतपाल सिंह आनन्द की मृत्यु दिनांक 22.12.2023 को हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरांत उनके शेष विधिक वारिसान श्री प्रभजोत सिंह पुत्र श्री मनजीत सिंह आनन्द के पक्ष में नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जानी है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांक: LU2012/KOT/2024-25/100874 **लोक सूचना** दि.21.01.2025

श्री M/S KISSAN REAL INFRA LLP THROUGH ITS AUTHORIZED SIGNATORY RAJPAL SAINI पुत्र श्री KEDAR MAL SAINI जाति SAINI निवासी KHARK SINGH WALI KOHTI, JHAJHAR, JHAJHAR, JHUNJHUNUN, RAJASTHAN ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का **आवासीय** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	रामनगर, लाडपुरा (कोटा)	M/S KISSAN REAL INFRA LLP THROUGH ITS AUTHORIZED SIGNATORY RAJPAL SAINI S/O KEDAR MAL SAINI COLONY, JHAJHAR, KHARK SINGH WALI KOHTI, JHUNJHUNUN, RAJASTHAN	663/356	400	0.04
			665/357	400	0.04
			667/358	400	0.04
			365	2700	0.27
			366	2600	0.26
			367	1800	0.18
			374	1900	0.19
			375	2600	0.26
			376	2500	0.25
				कुल	1.53

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 21/01/2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)